SJU Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, रविवार 18 जुलाई 2021 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-03, अंक- 288

## महत्वपूर्ण एवं खास

### यूपी विधानसभा सचिवालय के कर्मचारियों के जीन्स टी-शर्ट पहनने पर लगी रोक

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय में कार्यरत कर्मचारियों को जीन्स टी-शर्ट पहनने पर रोक लगा दी है। विधानसभा सचिवालय के संयुक्त सचिव नरेंद्र कुमार मिश्रा ने यह आदेश जारी किया है। इस जारी आदेश में साफ लिखा गया है कि अब सभी कर्मचारी तथा सचिवालय की गरिमा के अनुरूप ही पोशाक पहनेंगे। यह निर्देश सभी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय में अब जींस तथा टीशर्ट पहनने पर रोक लगा दी गई है। यह रोक कर्मचारियों के साथ अधिकारियों के लिए है। अब किसी को भी जींस तथा टी-शर्ट या अन्य कैजुअल परिधान पहनकर सचिवालय में प्रवेश की अनुमति नहीं है।

### बोलेरो एवं कार में हुई टक्कर, चार की मौत

**धौलपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के धौलपुर जिले में आज सुबह बोलेरो गाड़ी एवं कार के टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार , यह हादसा सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या ग्यारह बी पर बरौली बिजली घर के पास हुआ। हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गई। श्री मीणा ने बताया ये लोग उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के रहने वाले थे और राजस्थान के करौली जिले में कैला देवी के दर्शन कर लौट रहे थे।

### होटल के स्विमिंग पूल में डूबने से 2 की मौत

**गुरुग्राम (आरएनएस)।** गुरुग्राम के पटौदी इलाके में पटौदी-हेलीमंडी रोड स्थित एक होटल के स्विमिंग पूल में 32 और 40 साल के दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों की पहचान पटौदी के जटौली गांव के रहने वाले राजेश और शेर सिंह के रूप में की है। घटना उस वक्त हुई जब चार दोस्त राजेश, शेर सिंह, मेहरचंद और भजन लाल होटल में पार्टी करने गए थे। चारों शराब पीकर पूल में नहाने आए थे। जब वे पूल में थे, राजेश और शेर सिंह अचानक डूबने लगे और अन्य लोग मदद के लिए चिल्लाने लगे। मेहरचंद और भजनलाल ने उन्हें बचाने की कोशिश की लेकिन असफल रहे। सूचना मिलते ही पटौदी थाने के अधिकारी मौके पर पहुंचे और शवों को अपने कब्जे में ले लिया।

### बाढ़ से 90 से अधिक लोगों की मौत, 618 घायल

**बर्लिन।** जर्मनी के राइनलैंड-पैलेटिनेट राज्य के अहरवीलर जिले में बाढ़ से 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 618 अन्य घायल हो गए। आज सुबह पांच बजे तक बाढ़ से 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि बाढ़ से संबंधित घटनाओं में 618 लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। जिले के अधिकांश हिस्सों में अभी भी बिजली और संचार व्यवस्था ठप्प है। मौसम खराब होने के कारण सड़कें बंद हैं और लोगों को इस क्षेत्र में यात्रा करने को लेकर सतर्क किया गया है। आपदा वाले इलाकों में पुलिस लगातार गश्त लगा रही है।इस सप्ताह के दौरान पश्चिमी यूरोप में मूसलाधार बारिश और उसके बाद आई बाढ़ ने तबाही मचा दी है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में इमारतों और अन्य बुनियादी ढांचा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

## सभी भारतीयों के लिए लघु फिल्म प्रतियोगिता खुशियों का आशियाना किया लॉन्च

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विश्व के सबसे बड़े किफायती आवास मिशनों में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू)ने दो अनूठी पहल शुरू की है।पहली पहल खुशियों का आशियाना- लघु फिल्म प्रतियोगिता 2021 और दूसरी आवास पर संवाद-75 सेमिनारों और कार्यशालाओं की श्रृंखला सभी के लिए आवास के प्रधानमंत्री के विजन को आगे ले जाने के लिए है।




आवास और शहरी कार्य मंत्रालयद्वारा इन दोनों पहलों की घोषणा 25 जून,2021 को पीएमएवाई-यू की छठी वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी। इस महत्वपूर्ण अवसर पर पीएमएवाई-यू ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की।मिशन के अंतर्गतकुल जारी केंद्रीय सहायता 1 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई। मिशन 1.12 करोड़ घरों के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगे बढ़ा है, 83 लाख से अधिक घरों के निर्माण के लिए आधार तैयार कर लिया गया है और 50 लाख से अधिक पूरा हो गया है।

दोनों पहलों को चुनौती और प्रतिस्पर्धा मोड में लागू किया जा रहा है और यह दोनों पहलें भारत सरकार के 75 वर्षों के प्रगतिशील भारत और उसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धि के गौरवशाली इतिहास को मनाने के लिए कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में प्रस्तावित अन्य कई कार्यक्रमों में से एक हैं।

दोनों की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पहले ही जारी की जा चुकी है।

लघु फिल्म प्रतियोगिता के लिए पीएमएवाई-यू के लाभार्थियों, छात्रों, युवाओं, सिविल सोसाइटी के सदस्यों, संस्थानों और व्यक्तियों/समूहों से पीएमएवाई-यू मिशन की छह वर्षों की यात्रा के व्यापक विषय तथा मिशन ने लोगों के जीवन को किस तरह प्रभावित किया है, जिससे परिवर्तन, गरिमा और सशक्तिकरण को सक्षम किया जा सका है,विषय पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह प्रतियोगिता 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीय नागरिकों के लिए खुली है और प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 1 सितंबर है। परिणाम 30 सितंबर, 2021 घोषित किए जाएंगे। 25 प्रत्येक विजेता को प्रमाण पत्र के साथ तीन श्रेणियों में 25000 रुपये, 20000 रुपये और 12500 रुपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।

आवास पर सांवाद का उद्देश्य शिक्षा और इंजीनियरिंग, शहरी सामुदायिक विकास, योजना, वित्त आदि विभिन्न धाराओं से संबंधित कई हितधारकों के बीच सभी के लिए आवास पर जागरूकता पैदा करना, चर्चा, विचार-विमर्श और प्रसार को बढ़ावा देना है।यह काम राज्यों/केंद्रों के सहयोग से शिक्षण संस्थानों और प्राथमिक ऋण देने वाले संस्थानों द्वारा 1 जुलाई से 30 सितंबर, 2021 के बीच आयोजित की जाने वाली 75 राष्ट्रव्यापी कार्यशालाओं और सेमिनारों के माध्यम से किया जाएगा। इन कार्यशालाओं को कक्षा मॉडल के माध्यम से ऑफ़लाइन सभी कोविड-19संबंधी श्रेष्ठ व्यवहारों का पालन करके आयोजित किया जा सकता है, या ऑनलाइन आयोजित किया जा सकता है। आवास और शहरी कार्य मंत्रालय सभी प्रतिभागियों को भागीदारी का प्रमाण पत्र जारी करेगा।

## भारतीय नौसेना ने दो एमएच-60आर मल्टी रोल हेलीकॉप्टरों के पहले बैच को किया स्वीकार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय नौसेना ने दिनांक 16 जुलाई 2021 को सैन डिएगो के नॉर्थ आइलैंड नेवल एयर स्टेशन में आयोजित एक समारोह में अमेरिकी नौसेना से अपने एमएच-60आर मल्टी रोल हेलिकॉप्टर (एमआरएच) के पहले दो हेलिकॉप्टर को स्वीकार किया। समारोह में इन हेलीकॉप्टरों का अमेरिकी नौसेना से भारतीय नौसेना में औपचारिक रूप से स्थानांतरण किया गया, जिनको अमेरिका में भारतीय राजदूत महामहिम तरनजीत सिंह संधू ने स्वीकार किया। समारोह में अमेरिकी नौसेना के वाइस एडमिरल केनेथ व्हाइटसेल, कमांडर नेवल एयर फोर्सेज़ और वाइस एडमिरल रवनीत सिंह, नौसेना उप प्रमुख (डीसीएनएस), भारतीय नौसेना के बीच हेलीकॉप्टर दस्तावेजों का आदान-प्रदान भी हुआ।



लॉकहीड मार्टिन कॉर्पोरेशन, यूएसए द्वारा निर्मित एमएच-60आर हेलीकॉप्टर हर मौसम में कारगर एक हेलिकॉप्टर है जो अत्याधुनिक एवियोनिक्स/ सेंसर के साथ कई मिशनों के लिहाज से बनाया गया है। इनमें से 24 हेलीकॉप्टर अमेरिकी सरकार से विदेशी सैन्य बिक्री के तहत खरीदे जा रहे हैं। हेलीकॉप्टरों को भारत के अनेक प्रकार के उपकरणों और हथियारों के दृष्टिकोण से संशोधित भी किया जाएगा। इन एमआरएच को शामिल करने से भारतीय नौसेना की त्रिविमीय क्षमताओं में और इजाफा होगा। इन शक्तिशाली हेलीकॉप्टरों पर प्रशिक्षण के लिए भारतीय पायलट दल का पहला जत्था इस समय अमेरिका में है ।

## न्यायमूर्ति शबीहुल हसनैन को डीईआरसी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली सरकार ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) शबीहुल हसनैन को दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। डीईआरसी, जो अध्यक्ष और दो सदस्यों वाला तीन सदस्यीय आयोग है, उसके अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एस.एस. चौहान के 4 जुलाई को सेवानिवृत्त होने के बाद इसमें केवल एक ही सदस्य ए.के. अंबष्ट बचे थे। इससे पहले बोर्ड के दूसरे सदस्य, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ए.के. सिंघल इसी साल जनवरी में सेवानिवृत्त हुए थे।

दिल्ली सरकार ने चौहान के कार्यकाल को एक और कार्यकाल के लिए बढ़ाने की सिफारिश की थी, हालांकि, दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया था, और तब से बिजली नियामक निकाय सिर्फ एक सदस्य - ए.के. अंबष्ट ही काम कर रहे थे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर डीईआरसी के नए अध्यक्ष की नियुक्ति की घोषणा की।

केजरीवाल ने कहा, दिल्ली सरकार ने दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) के नए अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति शबीहुल हसनैन (सेवानिवृत्त) की नियुक्ति को मंजूरी दी। सस्ती और निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करना दिल्ली सरकार के लिए प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक है।

## वैक्सीन की 66 करोड़ खुराक संशोधित दर पर खरीदेगी सरकार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र ने इस साल अगस्त और दिसंबर के बीच कोविशील्ड और कोवैक्सीन टीके की क्रमशः 205 रुपए और 215 रुपए प्रति खुराक की संशोधित दर (कर छोड़कर) से 66 करोड़ से अधिक खुराकें खरीदने का ऑर्डर दिया है। सूत्रों ने बताया कि दिसंबर तक सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से 37.5 करोड़ खुराकें और भारत बायोटेक से 28.5 करोड़ खुराकें खरीदी जाएंगी। अगस्त और दिसंबर के बीच कोविड-19 टीकों - कोविशील्ड और कोवैक्सीन की 66 करोड़ और खुराकें क्रमशः




205 रुपए और 215 प्रति खुराक, के हिसाब से खरीदी जाएगी, जिसमें कर शामिल नहीं होगा। कर सहित कोविशील्ड की 215.25 रुपए प्रति खुराक और कोवैक्सीन की 225.75 रुपए प्रति खुराक कीमत है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय 150 रुपए प्रति खुराक की दर से दोनों टीकों को खरीद रहा है। मंत्रालय ने संकेत दिया है कि 21 जून से नई कोविड-19 टीका खरीद नीती के प्रभाव में आने के बाद से कीमतें संशोधित की जाएंगी। नई नीति के तहत मंत्रालय देश में दवा कंपनियों द्वारा निर्मित 75 प्रतिशत टीके खरीदेगा।

सूत्रों ने बताया कि केंद्र ने दोनों दवा कंपनियों को उत्पादन क्षमता बढ़ाने को कहा है और टीका निर्माताओं ने भी संकेत दिया है कि उत्पादन बढ़ाने के लिए निवेश के समय प्रति खुराक 150 रुपये प्राप्त करना उनके लिए व्यवहारिक नहीं है। केंद्र सरकार ने प्रक्रिया के विकेंद्रीकरण की मांग के बाद इससे पहले राज्यों और निजी अस्पतालों को 50 प्रतिशत टीके की खरीद की अनुमति दी थी। हालांकि कई राज्यों द्वारा धन जुटाने समेत कई तरह की समस्याओं की शिकायत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ जून को टीका दिशानिर्देश की समीक्षा की घोषणा की। घरेलू टीका निर्माता कंपनियों को निजी अस्पतालों को अपने मासिक उत्पादन का 25 प्रतिशत देने का विकल्प दिया गया है।

## एसिड अटैक मामले में 4 को आजीवन कारावास, 20 लाख का जुर्माना

**चिकमगलूर (आरएनएस)।** कर्नाटक के चिकमगलूर में अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए एसिड हमले के एक मामले में चार आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। न्यायाधीश मंजूनाथ संग्रेशी ने सामूहिक रूप से उन पर 20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया और कहा कि पूरी राशि पीड़ित तक पहुंचनी चाहिए।



गणेश, कबीर, मजीद और विनोद, जिनकी उम्र 35 से 38 साल के बीच है, दोषी हैं। 18 अप्रैल 2015 को आरोपी व्यक्तियों ने श्रृंगेरी कस्बे में पता पूछने के बहाने पीड़िता के. जी. सुमन का चेहरे और कंधे पर तेजाब फेंक दिया था।

गणेश, जो कभी पीड़िता का सहपाठी था, वह उससे एकतरफा प्यार करता था, लेकिन सुमन ने उसके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और कहीं और शादी कर ली।

गणेश ने इसके बाद पीड़िता के पति के दिमाग में जहर घोलकर उसका विवाह बिगाड़ दिया। जब वह तलाक लेने के बाद एक बच्चे के साथ अपने घर वापस आई, तो उसने फिर से उससे शादी करने के लिए उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

पुलिस ने कहा कि जब पीड़िता ने उससे शादी करने से साफ इनकार कर दिया, तो उसने उस पर तेजाब से हमला करने की योजना बनाई और अपने दोस्तों के माध्यम से उसे अंजाम दिया।

गिरोह ने उसके घर के प्रवेश द्वार तक उसका पीछा किया और पता पूछा। जब पीड़िता उनकी तरफ मुड़ी तो कबीर और मजीद ने उस पर तेजाब डाल दिया। एक अन्य आरोपी विनोद उन्हें उसकी तमाम गतिविधियों की जानकारी दे रहा था। पूरी योजना गणेश ने बनाई थी।

हालांकि इसका कोई प्रत्यक्ष सबूत नहीं था, मगर एसीपी सुधीर एम. हेगड़े, जो उस समय श्रृंगेरी पुलिस स्टेशन में निरीक्षक के रूप में कार्यरत थे, ने मामले की जांच की और आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

अदालत ने 30 गवाहों, 105 दस्तावेजों और अन्य सामग्रियों की जांच के बाद सभी आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 160 पन्नों की अपनी जजमेंट के साथ उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। इस मामले में केस ट्रायल पांच साल और 11 महीने तक चला।

## 1 अक्टूबर से हर हाल में शुरू की जाएं कक्षाएंः यूजीसी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को कोविड-19 के मद्देनजर परीक्षाओं और शैक्षणिक कैलेंडर पर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि शैक्षणिक सत्र 2021-22 के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमों में 30 सितंबर से पहले नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली जाए और शैक्षणिक सत्र 1 अक्टूबर से शुरू कर दिया जाए।

यूजीसी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मद्देनजर नई गाइडलाइंस जारी की गई है। दिशानिर्देशों में कहा गया है कि पूर्व में जारी दिशा निर्देश 2020-21 सत्र पर लागू होंगे। इसके तहत फाइनल ईयर/ टर्मिनल सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 अगस्त 2021 तक अनिवार्य रूप से पूरी करनी होंगी।

आयोग ने कहा है कि कोविड प्रोटोकॉल के तहत ऑफलाइन या ऑनलाइन मोड में ऐसी परीक्षाएं संपन्न कराई जाएं। बीच के सेमेस्टर या ईयर के लिए 2020 की गाइडलाइंस की तरह आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर ही मार्क्स देने की बात यूजीसी ने नई गाइडलाइंस में भी कही है। यूजीसी ने कहा है कि ऐसे नामांकन 30 सितंबर तक पूरे कर लिए जाएं और 1 अक्टूबर से कक्षाएं शुरू कर दी जाएं।

## आतंकवादी संगठन का शीर्ष नेता गुनबी गिरफ्तार

**ढाका।** प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अंसार अल-इस्लाम और हेफाजत-ए-इस्लाम के शीर्ष नेता महमूद हसन गुनबी को बांग्लादेश की राजधानी ढाका में गिरफ्तार किया गया है।

रैपिड एक्शन बटालियन के लीगल एंड मीडिया विंग के निदेशक कमांडर खांडाकर अल मोइन ने कहा कि गुनबी को बीती शाम ढाका के तटबंध क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

गुनबी मासूम लड़के-लड़कियों को बहकाता था और कहता था कि इस्लाम का पालन करने के लिए खुद को आतंकवादी और आत्मघाती आतंकवादी सदस्य के रूप में पेश करना जरूरी है। उसने कबूल किया कि वह विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों को गुप्त रूप से आत्मघाती आतंकवादी बनाने के लिए सम्मोहित करना जानता है। मदरसे के छात्र रिश्तेदारों, परिवार और दोस्तों से अलग रहते हैं। प्रशिक्षुओं को जीवन, समाज, राजनीति, संस्कृति और विज्ञान से दूर रखा जाता है। तब उनका मन धार्मिक गलत व्याख्याओं और सामान्य जीवन के प्रति घृणा से भयभीत हो जाता है। नतीजतन, प्रशिक्षु अपनी भावनाओं, बुद्धि, पारिवारिक संबंधों, न्यायिक ज्ञान आदि को खो देते हैं। इस तरह, किशोर अपना दिमाग खो कर खुद को क्रूर उग्रवादी के रूप में विकसित करते हैं। 5 मई को कानून प्रवर्तन एजेंसियों की छापेमारी में ढाका से गिरफ्तार किए गए आतंकवादी अल शाकिब (20) ने कबूल किया था कि वह गुनबी से प्रभावित था और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम के आत्मघाती हमलावर के रूप में खुद को बदलने और बाद में उसे आत्महत्या करने के लिए उकसाने में विशेष भूमिका निभाई थी।

आतंकवादी संगठन दावत ए इस्लाम का सरगना गुनबी, हूजी, अंसारुल्लाह बांग्ला टीम, प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन इत्यादि के जरिए इस्लाम के नाम से निर्दोष लोगों को आतंकवादी गतिविधि में शामिल करता था।

## केन्द्रीय मंत्री ठाकुर और प्रामाणिक टोक्यो ओलंपिक के लिए एथलीटों के पहले जत्थे को दिल्ली से करेंगे रवाना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अब जबकि टोक्यो ओलंपिक के शुरू होने में एक सप्ताह का समय बाकीरह गया है, आज नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आयोजितएक औपचारिक विदाई समारोह में भारत से एथलीटों के पहलेजत्थे को टोक्यो के लिए रवाना किया जाएगा। कुल 88 सदस्यों की इस टुकड़ी, जिसमें 54 एथलीट, सहयोगी स्टाफ और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के प्रतिनिधि शामिल हैं, को एक समारोह में केन्द्रीय



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्यमंत्री निसिथ प्रामाणिक द्वारा औपचारिक रूप से विदा किया जाएगा। इससमारोह में उनके साथ भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष नरिंदर ध्रुव बत्रा; भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के महासचिव राजीव मेहता और भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान भी उपस्थित रहेंगे।

आठ खेलों -तीरंदाजी, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, तीरंदाजी, जूडो, जिमनास्टिक और भारोत्तोलनङ्क से जुड़ेखिलाड़ी और सहयोगीस्टाफ आज नई दिल्ली से प्रस्थान करेंगे। इसमें हॉकी का दल सबसे बड़ा होगा।

एथलीटों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों को अपनीकोविड जांचकरानी होगी। सिर्फ निगेटिव रिपोर्ट वाले व्यक्ति ही इस कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे। इस मौके पर सोशल डिस्टेंसिंग के सभी उपाय भी किए गए हैं।

कुल 127 भारतीय एथलीटों ने टोक्यो ओलंपिक के लिए अर्हता प्राप्त (क्वालीफाई)की है, जोकि रियो ओलंपिक के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले 117 एथलीटों की संख्या से आगे निकलते हुए एक रिकॉर्ड है।